वार्षिक परीक्षा, 2022–23
विषय —— गृह विज्ञान
कक्षा —— IX

समय——3 घण्टे पूर्णांक——70

नोट——सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. गृह व्यवस्था की प्रक्रिया है—— 1

(क) अस्त–व्यस्त (ग) उद्देश्य पूर्ण

(ख) जैसे–जैसे चलने वाली (घ) उद्देश्य रहित

2. रसोईघर में इस्तेमाल होने वाले आधुनिक उपकरण है—— 1

(क) अनिवार्य आवश्यकता (ग) विलासात्मक आवश्यकता

(ख) आरामदायक आवश्यकता (घ) अनावश्यक एवं व्यर्थ

3. बी.सी.जी. का टीका किस रोग का उपाय है—— 1

(क) क्षय रोग (ग) कुकुर खाँसी

(ख) हैजा (घ) खसरा

4. कुकुर खाँसी फैलतो है—— 1

(क) कीट द्वारा (ग) वायु द्वारा

(ख) जल द्वारा (घ) भोजन द्वारा

5. भोजन बनाते समय वस्त्र पहने जाते हैं—— 1

UPBoardHub

(क) नायलॉन के (ग) रेरॉन के
(ख) सूती (घ) टेरीलीन के

6. इनमें से कौन–सा आहार सम्पूर्ण आहार है— 1

(क) फल (ग) दही
(ख) दूध (घ) माँस

7. प्राथमिक चिकित्सक में निम्न दोष नहीं होना चाहिए— 1

(क) चिड़चिड़ापन (ग) धैर्यशीलता
(ख) दूरदर्शिता (घ) मृदुभाषिता

8. पाचन शक्ति में सहायक होता है— 1

(क) नमक (ग) लाल मिर्च
(ख) जीरा (घ) अमचूर

9. रक्त स्राव को रोकती है— 1

(क) राई (ग) फिटकरी
(ख) हरी मिर्च (घ) सरसों

10. टॉन्सिल्स होने पर उपयोगी है— 1

(क) नमक के पानी के गरारे करना (ग) लींग चूसना
(घ) ईसबगोल घोलकर पीना
(ख) चीनी खाना

11. गृह–परिचारिका का अनिवार्य गुण है— 1

(क) परिचर्या का ज्ञान (ग) मृदु भाषा
(ख) सहनशीलता (घ) शास्त्रीय ज्ञान

12. परिचारिका का स्वभाव होना चाहिए— 1

(क) कठोर (ग) कोमल तथा हँसमुख
(ख) कोमल (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. परिचारिका का आवश्यक गुण है— 1

(क) दूरदर्शिता (ग) तीक्ष्ण तथा तीव्र निरीक्षण शक्ति
(ख) सहनशीलता (घ) उपर्युक्त सभी

14. रोगी के कमरे में किस प्रकार का प्रकाश होना चाहिए— 1

(क) हरा (ग) दूधिया
(ख) लाल (घ) रंगहीन

15. रोगी के पलंग पर चादर बिछाई जानी चाहिए— 1

(क) गहरे लाल रंग की (ग) काले रंग की
(ख) हरे रंग की (घ) सफेद रंग की

16. रोगी के बिस्तर के लिए आवश्यक गुण है— 1

(क) उपद्रवकता (ग) उचित तापक्रम
(ख) सफाई (घ) उपर्युक्त सभी

17. रोगी के बिस्तर को गर्म करने के लिए प्रयुक्त करते हैं— 1

UPBoardHub

(क) कम्बल (ग) डॉॉ–शीट
(ख) रबर–शीट (घ) ऊनी चादर

18. शय्या क्षत से बचाव का उपाय है—— 1

(क) सेंक करना (ग) बर्फ लगाना
(ख) रिंग कुशन लगाना (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

19. डिप्थीरिया मुख्य रूप से होता है—— 1

(क) सभी को (ग) केवल पुरुषों को
(ख) छोटे बच्चों को (घ) केवल स्त्रियों को

20. तपेदिक एक संक्रामक रोग है यह फैलता है—— 1

(क) वायु द्वारा (ग) छूने से
(ख) कीटों द्वारा (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश——सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं।

अतिलघू उत्तरीय प्रश्न

(1)(क) गृह कार्य व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य क्या है? 2
(ख) गृह व्यवस्था में मूल्यांकन की क्या आवश्यकता है? 2
(ग) विश्व स्वास्थ्य संगठन का भारत में मुख्यालय कहाँ है? 2
(घ) प्रसार शिक्षक के कार्य का निरीक्षण कौन करता है? 2
(ड) वायु द्वारा फैलने वाले मुख्य रोग कौन–कौन से हैं? 2

(2)(क) 'शय्या–घाव' से आप क्या समझती हैं? 2
(ख) रोगी के कमरे में वायु का आवागमन कैसा होना चाहिए? 2
(ग) 'गृह–परिचर्या' की परिभाषा लिखिए। 2

UPBoardHub

(घ) मोटापा घटाने के लिए कोई घरेलू उपाय लिखिए। 2

(ङ) 'प्राथमिक चिकित्सा' का अर्थ एक वाक्य में लिखिए। 2

लघु उत्तरीय प्रश्न

(3)(क) रोगी के कमरे की सफाई कैसे की जानी चाहिए? 3

(ख) शय्या–घाव के कारण तथा उपचार हेतु आवश्यक उपाय लिखिए। 3

(4)(क) गृह–परिचारिका के आवश्यक गुण क्या हैं? 3

(ख) 'सन्तुलित आहार' से क्या आशय है? 3

(5)(क) 'प्राथमिक चिकित्सक' के लिए आवश्यक किन्हीं दो गुणों का वर्णन कीजिए। 3

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

1. प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स में आप कौन–कौन से आवश्यक उपकरण तथा औषधियाँ रखेंगी? 6

अथवा

आवश्यकताएँ कितने प्रकार की होती हैं? विस्तार से समझाइए।

2. संवातन से क्या अभिप्राय है? घर में उचित संवातन का प्रबन्ध आप कैसे करेंगी? 6

अथवा

घरेलू देशज औषधियों का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Rewad Pa Skte h

UPBoardHub